**Modern Threads (India) Limited**

Registered Office :
Modern Woollens, Pragati Path,
BHILWARA-311001 (Rajasthan), INDIA
Phone : +91-1482-241801
E-mail : cs@modernwoollens.com
Website : www.modernwoollens.com
CIN : L17115RJ1980PLC002075

**Date: 26.02.2026**

The Manager,
Department of Corporate Services
**Bombay Stock Exchange Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
25th Floor, Dalal Street
MUMBAI - 400 001
Script Code: 500282

The Manager,
Department of Corporate Services
**The National Stock Exchange of India Ltd.**
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No. C/1, G Block Bandra Kurla Complex
Bandra (E) Mumbai – 400051
Script Code: MODTHREAD

Dear Sir/Madam,

**Sub.: Announcement under Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulations, 2015 — Newspaper Publication**

Pursuant to Regulation 47 and 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirement) Regulations, 2015, as amended, please find enclosed herewith copies of the newspaper publications pertaining to the extract of Notice of Postal Ballot of the Company.

The said extract of Notice of Postal Ballot was published in the Kranti Tarang, (Hindi Edition) and The Indian Express (English Edition) on 26/02/2026. This information will also be hosted on Company's website at www modernwoollens.com.

This is for your information and records.

Thanking you,

Yours faithfully

**For Modern Threads (India) Limited**

ANIL KUMAR JAIN
Digitally signed by ANIL KUMAR JAIN
Date: 2026.02.26 16:24:48 +05'30'

MODERN THREADS (I) LIMITED BHILWARA

**(Anil Kumar Jain)**
Company Secretary & Compliance Officer

# वाल्मिकी समाज ने किया सनातन मंगल महोत्सव शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत



**दैनिक क्रान्ति तरंग**

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा के वाल्मिकी समाज ने सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह के अंतर्गत कल निकली विशाल शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। शहर के प्रमुख स्थल डॉ.भीमराव अंबेडकर सर्कल पर समाजबंधुओं ने 108 किलो सुगंधित पुष्पों से पुष्पवर्षा कर संत महात्माओं एवं श्रद्धालुओं का भावपूर्ण अभिनंदन किया।इस पावन अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज एवं बाहर से आए संत-महात्माओं, महामंडलेश्वरों ने भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज युवा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर यह संदेश दिया कि धर्म और संविधान दोनों के प्रति सम्मान ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। वाल्मीकि समाज के कार्यकर्ता छीतर मल गेंगट ने कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, भेदभाव मिटाने और एक संगत - एक पंगत की भावना को सशक्त करने वाला क्रांतिकारी प्रयास है। इस अवसर पर समाज के महावीर गेंगट, गोपाल संगत, शिव सिंगोलिया, राजा टांक, रामेश्वर पंडित, श्यामलाल गारु, राकेश गेंगट, प्रहलाद आदिवाल, छोटू लाल चन्नाल, रवि लोट सहित बड़ी संख्या में युवा शक्ति, मातृशक्ति एवं श्रद्धालु समाजजन मौजूद थे।

# भुवनेश्वर में सम्पन्न हुआ, वरिष्ठ नागरिक महासंघ का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन




**दैनिक क्रान्ति तरंग**

**भीलवाड़ा।** अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक महासंघ का23 वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन, भुवनेश्वर (उड़ीसा) में दिनांक 22 - 23 फरवरी को सम्पन्न हुआ । जिसमें देश भर के 1500 प्रतिभागियों ने सम्मेलन में भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एम. के. रैना ने भारत व नेपाल से आए सभी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के वरिष्ठ नागरिक आँकड़े नहीं हैं, वे राष्ट्र का अनुभव, स्मृति और ज्ञान हैं । उन्होंने बताया कि यह लाखों वरिष्ठ नागरिकों का जिम्मेदार राष्ट्रीय संगठन है, जो संवाद के माध्यम से पेंशन, जेरियाट्रिक स्वास्थ्य सेवा, कानूनी जागरूकता और सक्रिय वृद्धावस्था पर कार्य कर रहा है। वरिष्ठ नागरिक संस्थान राजस्थान के अध्यक्ष भंवर सेठ ने बताया कि सम्मेलन में वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित कई समस्याओं जैसे वरिष्ठ नागरिकों का बढ़ता इलाज खर्च और महंगाई से घटती आय,सामाजिक अकेलापन और महत्वपूर्ण रियायतों का समाप्त होना, नीतियों में बिखराव वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से मंत्रालय का अभाव आदि पर विचार किया गया। सरकार से वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग मंत्रालय व रेलवे रियायत की पुन: शुरु करने की मांग की गई । प्रदेश महामंत्री मदन खटोड़ ने बताया कि हमें विशेषाधिकार नहीं, सहभागिता चाहिए। उपकार नहीं, न्याय चाहिए। बुढ़ापा पतन नहीं परिष्कार है। सम्मेलन में भीलवाड़ा सहित राजस्थान से बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक मंच के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# माली समाज विकास सेवा संस्थान व सामूहिक विवाह समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक क्रान्ति तरंग**

**भीलवाड़ा।** माली समाज विकास सेवा संस्थान पुर के तत्वावधान में आयोजित हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन की विवाह समिति की बैठक पुर स्थित घाटी के हनुमानजी परिसर में आयोजित की गई। इस अवसर पर सम्मेलन के प्रमुख भामाशाह एवं माली (सैनी) महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली ने संबोधित करते हुए कहा कि सामूहिक विवाहों का आयोजन एक अच्छी परम्परा है। इससे विवाह योग्य युवाओं को अपने जीवन साथी चुनने के साथ दहेज प्रथा, फिजूल खर्ची और दिखावे पर अंकुश लगता है। उन्होंने सम्मेलन में सहयोग करने वाले भामाशाहों की सराहना करते हुए कहा कि सम्मेलन का अंजाम तक बिना भामाशाहों के नहीं पहुंचाया जा सकता। बैठक की अध्यक्षता माली समाज विकास सेवा संस्थान पुर के अध्यक्ष भैरूलाल माली ने की। बैठक 19 फरवरी को आयोजित हुए चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन के पश्चात समीक्षा के लिए रखी गई थी। इस बैठक में सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के कोषाध्यक्ष रमेश गोयल ने सम्मेलन का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। जिसको सभी समिति के सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित किया।



इस अवसर पर सामूहिक विवाह समिति ने सभी जोड़ों को समान रूप से हथलेवा राशि 6000 - 6000 रुपए के चेक सौंपे। इस अवसर पर माली (सैनी) कर्मचारी संस्था के जिलाध्यक्ष तोताराम सांखला, सचिव कन्हैयालाल बुलिवाल, विवाह समिति के सचिव शंकरलाल गोयल, माली महासभा के जिलामंत्री सत्यनारायण डाबला, रामेश्वरलाल, नानूराम गोयल, रामस्वरूप, कैलाश चन्द्र, बंशीलाल, कालूराम, प्रभुलाल, लाल चंद, देबीलाल, भवानीराम, कैलाश चन्द्र, नारायण लाल, राजकुमार माली, लाल चंद, बंसीलाल गोयल, जगदीश चंद्र, बंसीलाल ढिबरिया, देवालाल, राजकुमार गोयल, भवानी राम, नारायण माली सहित समाज के अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

# लो एकत्र होने लगा काले सोने का दूध



**दैनिक क्रान्ति तरंग**

**बरूंदनी (सोमानी)** क्षेत्र के गांवों में इन दिनों सर्वाधिक व्यस्त अफीम उत्पादक कृषक है। जिन्हें परिश्रम करके तैयार की गई अफीम की फसल के दूध को एकत्रित करने की चिन्ता दिन रात सताए हुए है। कृषक खेतों में डोडो की चिराई लुआई में लगे हुए है। गाढ़ी मेहनत के बाद कृषक डोडो से एकत्र किए गए अफीम के दूध को एक पात्र में एकत्रित कर रहा है। अफीम निर्मित करने के लिए इस दूध को अन्य प्रक्रिया से भी गुजरना पड़ता है। इसमें हल्का पानी डालकर गूंथा जाता है, जो सूखने के बाद नारकोटिक्स विभाग को विक्रय करने के लिए अफीम तैयार होती है।

# गंगरार टोल पर किसानों से मनमानी वसूली का आरोप

**दैनिक क्रान्ति तरंग**

**चित्तौड़गढ़।** जिले के गंगरार टोल प्लाजा पर किसानों के साथ कथित अवैध वसूली का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में नाराजगी का माहौल है। 26 फरवरी को सुबह करीब 7 बजे भीलवाड़ा की ओर से चित्तौड़गढ़ जा रहे एक किसान के ट्रैक्टर चालक को टोल कर्मियों द्वारा रोक लिया गया। टोल कर्मचारियों ने पहले चालक से 100 रुपए नकद देने की मांग की। जब चालक ने बिना रसीद पैसे देने से मना किया, तो कर्मचारियों ने कहा कि अब वाहन का पूरा टोल लगेगा। इसके बाद ट्रैक्टर को टोल बूथ के अंदर ले जाकर 210 रुपए की रसीद काट दी । किसानों का कहना है कि कृषि कार्य में उपयोग होने वाले ट्रैक्टरों पर सामान्य परिस्थितियों में टोल शुल्क नहीं लिया जाता, विशेष रूप से जब वाहन व्यावसायिक परिवहन में उपयोग नहीं हो रहा हो। किसानों का आरोप है कि टोल पर अक्सर ट्रैक्टर चालकों को परेशान किया जाता है और मौके पर नकद वसूली का दबाव बनाया जाता है।


## MODERN THREADS (INDIA) LIMITED

Registered Office : Modern Woollens, Pragati Path,
Bhilwara – 311 001 (Rajasthan), India
Phone : 91-1482-241801, CIN: L17115RJ1980PLC002075
E-mail : cs@modernwoollens.com, Website : www.modernwoollens.com

**NOTICE OF POSTAL BALLOT**

Members of the Company are hereby informed that a Postal Ballot Notice, seeking their approval to the resolutions set out in the said Notice has been sent electronically, pursuant to the circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs, to the members whose e-mail address is registered with Company/Company's Registrar and Transfer Agent/Depository Participant(s) as on Friday, 20th February, 2026 **("Cut-Off Date")**. The Company has completed electronic despatch of the Postal Ballot Notice on Wednesday, 25th February, 2026.

The Postal Ballot Notice is available on the Company's website at www.modernwoollens.com and on the websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at www.bseindia.com and www.nseindia.com respectively and on the website of National Securities Depository Limited ("NSDL") at https://www.eservices.nsdl.com. Members who do not receive the Postal Ballot Notice may download it from the above-mentioned websites.

**Instruction for e-voting:**
The Company is providing to its members the facility to exercise their right to vote on the resolution proposed in the said Postal Ballot Notice only by electronic means **("e-voting")**. The communication of the assent or dissent of the members would take place through remote e-voting process only. The Company has engaged the services of NSDL as the agency to provide e-voting facility. Members can cast their votes during the period mentioned herein below:

**Commencement of e-voting: 9.00 a.m. (IST) on Thursday February, 26, 2026**
**End of e-voting : 5.00 p.m. (IST) on Friday March, 27, 2026**

E-voting will not be allowed beyond the aforesaid date and time and the e-voting module shall be forthwith disabled by the NSDL upon expiry of the aforesaid period.

Manner of e-voting by the members holding shares in dematerialized mode, physical mode and members who have not registered their email address has been provided in the Postal Ballot Notice. The manner in which members, who have forgotten the User ID and Password, can obtain/generate the same, has also been provided in the said Notice.

**Only a person, whose name is recorded in the register of members/register of beneficial owners, as on the Cut-Off Date, maintained by the Depositories shall be entitled to participate in the e-voting. A person who is not a member as on the Cut-Off Date, should treat this Postal Ballot Notice for information purpose only.**

**Manner of registering/updating e-mail address:**
a) Members holding shares in physical mode and who have not updated their mail address sharing a duly filled and signed copy of ISR-1, SH-13 and ISR-2 (available on the website of the Company) duly filed and signed along with requisite supporting documents to Company/Company's Registrar and Transfer Agent.
b) Members holding shares in dematerialized mode, who have not registered/updated their e-mail address with their Depository Participant(s), are requested to register/update their email address with the Depository Participant(s) where they maintain their demat accounts.

The resolution, if approved, shall be deemed to have been passed on the last date of e-voting. The results of e-voting will be announced on or before 29.03.2026 and will be displayed on the Company's website at www.modernwoollens.com and the website of NSDL at https://www.eservices.nsdl.com. The result will simultaneously be communicated to the Stock Exchange.

For any queries, you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for members and e-voting user manual for members available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on 022-48867000 or send a request at evoting@nsdl.com

**By Order of the Board**
**For Modern Threads (India) Limited**
**Sd/-**
**(Anil Kumar Jain)**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Place : Bhilwara**
**Date : 25.02.2026**



## कार्यालय नगरपालिका माण्डलगढ़ जिला–भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक / न.पा.मा. / निर्माण / 2025–26 / 2512 — दिनांक :–09.02.2026

**ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 12/2025–26**

नगरपालिका माण्डलगढ़ की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए राजकीय विभाग मे नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया से वेबसाईट **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैं। समस्त कार्यो के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर नगरपालिका माण्डलगढ़ में पंजीबद्व सक्षम संवेदक द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागो में पंजीकृत सक्षम संवेदक द्वारा 2 प्रतिशत राशि पृथक–पृथक रूप में डी.डी./बैंकर्स चेक 'अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका माण्डलगढ़' के नाम ऑनलाईन निविदा खोलने से पूर्व पालिका में प्रस्तुत करना होगा। उक्त निविदा सूचना **http://sppp.rajasthan.gov.in** पॉर्टल पर भी देखी जा सकती हैं। **Tender ID :2026_DLB_539772**

| पार्ट | निविदाओं की संख्या | निविदा प्रकाशन की तिथि | निविदा अपलोड करने की तिथि व समय | निविदा डाउनलोड़/अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं प्रोसेसिंग शुल्क भौतिक रूप में जमा कराने की तिथि व समय | ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 से 04 | 18.02.2026 | 18.02.2026 प्रातः 09:30 बजे | 27.02.2026 सांय 06:00 बजे | 02.03.2026 प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक | 02.03.2026 सांय 04 बजे |

**निविदा का विवरण निम्न प्रकार है :–**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | UBN Code | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानत राशि 2 प्रतिशत | निविदा शुल्क | ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क | कार्य का अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नम्बर 01 से 05 तक सी.सी. रोड़ नाली निर्माण कार्य | 2026_DLB_539772_1 | 24.86 | 50,000 | 1,000 | 500 | 6 माह |
| 2 | वार्ड नम्बर 06 से 10 तक सी.सी. रोड़ नाली निर्माण कार्य | 2026_DLB_539772_2 | 24.86 | 50,000 | 1,000 | 500 | 6 माह |
| 3 | वार्ड नम्बर 11 से 15 तक सी.सी. रोड़ नाली निर्माण कार्य | 2026_DLB_539772_3 | 24.86 | 50,000 | 1,000 | 500 | 6 माह |
| 4 | वार्ड नम्बर 16 से 20 तक सी.सी. रोड़ नाली निर्माण कार्य | 2026_DLB_539772_4 | 24.86 | 50,000 | 1,000 | 500 | 6 माह |

**निविदा की सामान्य शर्ते :–**

1. आर.टी.पी.पी. एक्ट 2012 एवं आर.टी.पी.पी. रूल्स 2013 के नियम एवं शर्ते निविदा मे लागू होंगे।
2. निविदादाताओं को निविदा शुल्क/बोली प्रस्तुत एवं प्रासेसिंग शुल्क नगरपालिका माण्डलगढ़ मे निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि से पूर्व जमा करवाकर उससे प्राप्त होने वाली रसीद को स्केन कर **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर अपलोड करने पर ही निविदा को मान्य किया जाएगा।
3. बोली आमंत्रण पत्र मे दिये गए निर्देशों के अनुसार प्रस्ताव उचित रूप मे ऑनलाईन प्रस्तुत किये जाने हैं।
4. निविदा मे स्वीकृत सामग्री/सेवाओं की दरें कार्यादेश तिथि से 01 वर्ष के लिए मान्य होगी। उक्त अवधि मे आपसी सहमति से 01 वर्ष के लिए ओर बढ़ाया जा सकता हैं।
5. ई–बोली प्रपत्र दो भागों मे हैं, प्रथम भाग तकनीकी बिड हैं, तथा द्वितीय भाग वित्तीय बिड हैं। बोलीदाता द्वारा तकनीकी बीड हेतु यह प्रपत्र एवं संलग्न वांछित दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करते हुए मय सील ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर अपलोड करनी है वित्तीय ऑनलाइन बीओक्यू में ही प्रस्तुत की जानी है इससे भिन्न रूप में प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. प्रोसेसिंग शुल्क रूपये 50.00 लाख से कम की प्रत्येक निविदा पर रूपये 500/– एवं रूपये 50.00 लाख या उससे अधिक की प्रत्येक निविदा की स्थिति मे रूपये 1000/–का डी.डी. MD RISL Jaipur के नाम अलग से देय होगा।
7. निविदादाता निविदा राशि 02.00 प्रतिशत अमानत राशि जमा कराना अनिवार्य होगा।
8. संवेदक को किसी भी राजकीय संस्था विभाग, बोर्ड, कॉर्पोरेशन अथवा उपक्रम मे वर्तमान मे ब्लैक–लिस्टेड/डी–बार अथवा डिफाल्टर घोषणा नहीं किया होना चाहिए। इस सम्बन्ध मे 500 रूपये के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पैपर पर नोटरी से प्रमाणित शपथ–पत्र निविदा के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक हैं।
9. फर्म का नाम एवं पता मय टेलिफोन नम्बर, फर्म की स्थिति (एकाकी/पार्टनरशिप/प्रा.लि.) आदि का विवरण संलग्न करना होगा। साथ ही फर्म का पेनकार्ड नम्बर की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।
10. सफल निविदादाता को नियमानुसार निर्धारित राशि के नॉन–ज्यूडिशियल पेपर पर नगरपालिका माण्डलगढ़ के साथ शर्तो की पालना के सम्बन्ध मे एक संविदा पत्र लिखा होगा।
11. निविदा की शर्तो मे किसी भी प्रकार का परिवर्तन/परिवर्णन करने का अधिकार आपसी सहमति से नगरपालिका को होगा।
12. निविदादाता द्वारा दी तान वाली दरें सभी कर सहित होंगी। फर्म के बिलों से नियमानुसार आयकर कटौति भुगतान करते समय की जायेगी।
13. यदि निविदादाता किसी कार्यादेश की पूर्ति समय पर नहीं कर पाये अथवा आदेशों की अवहेलना करता हैं, तो 5000/– रूपये प्रतिदिन की दर से जुर्माना आगामी भुगतान राशि से काटा जायेगा।
14. ठेकेदार के ठेका निरस्त करने की अवस्था मे नगरपालिका द्वारा उचित समझे जाने पर अन्य फर्मो से कार्य कराया जा सकेगा।
15. इस करार से उत्पन्न समस्त विवाद नगरपालिका द्वारा निर्णय किये जायेंगे और उनका निर्णय अन्तिम होगा।
16. सिविल वाद की स्थिति मे स्थानीय सिविल न्यायालय को ही क्षेत्राधिकार होगा।
17. राज्य सरकार व नगरपालिका माण्डलगढ़ द्वारा समय–समय पर जारी आदेश मान्य होंगे।
18. संतोषजनक कार्य नहीं होने की स्थिति मे अनुबन्ध को किसी भी समय निरस्त किया जा सकता हैं।
19. निविदादाता द्वारा किसी भरी आईटम की दर प्रस्तुत नहीं करने पर निविदा को अपूर्ण मानकर निरस्त कर दिया जायेगा।
20. दर संविदा हेतु यदि निविदादाता द्वारा अस्पष्ट एवं अव्यवहारिक दरें दी जाती हैं, तो उसकी निविदा निरस्त कर अमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।
21. यदि किसी निविदादाता द्वारा टेण्डर की राशि से कम दर भरी जाती हैं, तो उसकी निविदा निरस्त कर अमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।
22. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र तथा ऐनेक्सर ''ए, बी, व सी'' को स्वयं के हस्ताक्षर कर स्केन कर **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर अपलोड करने पर ही निविदा को मान्य किया जाएगा।
23. निविदादाता दरों की वैद्यता अवधि निविदा खोलने की दिनांक से 90 दिवस तक मान्य होगी।
24. निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।
25. समय–समय पर जारी राजकीय आदेशों की पालना करनी होगी।
26. निविदा से सम्बन्धित विवरण **http://sppp.rajasthan.gov.in** पॉर्टल पर देखी जा सकती हैं। संवेदक द्वारा पालिका कार्यालय मे निविदा विक्रय तिथि से किसी भी कार्य दिवस मे प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक निविदा प्रपत्र को देखा जा सकता हैं।
27. निविदा हेतु संवेदक द्वारा संलग्न की जाने वाली धरोहर राशि, निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क की डी.डी./बैंकर्स चेक निविदा विक्रय तिथि के आरम्भित दिन से ही मान्य होगा।
28. प्रत्येक निविदा की पृथक–पृथक धरोहर राशि व निविदा शुल्क का डीडी/बैंकर्स चेक दोनो अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका माण्डलगढ़ के नाम से ऑन लाईन निविदा फार्म विक्रय/ डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि तक ही स्वीकार होगा। अंतिम तिथि के पश्चात् का डीडी मान्य नही होगा।
29. यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता हैं, तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदा खोली जायेगी।
30. निविदा खोलने की तिथि को किसी वश यदि समस्त निविदाऐं नहीं खोली जा सकती हैं, तो उसके अगले कार्य दिवस मे शेष निविदाऐं खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।
31. सभी कार्यो की निविदाओं के लिए तकनीकी आंकलन मे सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जायेगी। जिसको खोलने की सूचना निविदादाताओं को ई – मेल या दूरभाष द्वारा दे दी जायेगी।
32. अधोहस्ताक्षरकर्ता/सक्षम अधिकारी को बिना कारण बताए निविदा स्वीकार/अस्वीकार तथा तिथि मे संशोधन का अधिकार रहेगा।
33. राजस्थान नगर पालिका (क्रय एवं संविदा) नियम 1974 एवं सार्वजनिक निर्माण वित्तीय एवं लेखा नियमो तथा राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 की सभी शर्ते लागू होगी। संवेदक को जीएसटी/आयकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
34. समस्त करों को भुगतान सम्बन्धित संवेदक द्वारा देय होगा।
35. कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति से अधिक राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**प्रशासक**
**नगरपालिका माण्डलगढ**

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका माण्डलगढ**

राज.संवाद/सी/25/21180

